हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 शहर के दर्जनभर से अधिक वार्डों में डामरीकरण की शुरूआत


11 बच्चों ने बनाएं बीजगणितीय सूत्र, वर्ग, घन का मॉडल




## खबर संक्षेप

### आज विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**भिलाई।** नगर निगम रिसाली क्षेत्र में 11 जनवरी गुरुवार को वार्ड क्रमांक 3 रूआबांधा शनिचरी बाजार और वार्ड क्र 10 रिसाली सेक्टर दशहरा मैदान में शिविर लगाया जाएगा। 12 जनवरी शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर वार्ड क्रं 34 नेवई दशहरा मैदान और वार्ड क्र. 36 डुण्डेरा दशहरा मंच में सुबह 9 बजे से शाम 5 तक आयोजित किया गया है। शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर , महापौर शशि सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। हितग्राहियों को लाभ दिलाने विश्वकर्मा योजन,राशन कार्ड,उज्वलवा योजना,आयुष्मान कार्ड योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, हेल्थ चेकअप,आधार कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना व पेंशन योजना का स्टाल लगाया जाएगा।

### नशे के टेबलेट के साथ युवक धरा गया

**भिलाई।** नशे के टेबलेट के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जेल चौक से आरोपी हार्दिक भोई को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नशे का दवा भारी मात्रा में बरामद किया है।

### मोबाइल लूटकर फरार

**भिलाई।** बाइक सवार युवकों द्वारा मोबाइल लूटकर फरार होने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 392 के तहत कार्रवाई की है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि कृष्णा नगर श्याम चौक निवासी योगेश कुमार साहू केएफसी कम्पनी सूर्या माल में काम करता है। 5 जनवरी की रात सूर्या माल से काम कर पैदल घर लौट रहा था। तभी उसके पिता का फोन आया तो योगेश फोन से बात करते हुए जा रहा था। इस दौरान ग्रीन रेस्टोरेण्ट के सामने कोहका जुनवानी मुख्य मार्ग पहुंचते ही अज्ञात बाइक सवार युवक पहुचे और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पीड़ित चिल्लाता रहा लेकिन आरोपी युवक फरार हो गए।

### चरोदा व हथखोज में पहुंची भारत संकल्प यात्रा

**भिलाई।** नपानि भिलाई-चरोदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें मंगलवार को सावमी आत्मानंद विद्यालय चरोदा में प्रथम शिविर सुबह 9 से दोपहर 1.30 बजे तक चला। शिविर में चरौदा क्षेत्र के वार्ड 18, 19, 20, 21, 22,23,24,25,26, 27 के नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या शामिल हुए। संकल्प यात्रा रथ के शिविर स्थल पर पहुंचने पर पार्षद अर्पणा सुब्रोतो दास गुप्ता, निशा यादव, आयुक्त अजय त्रिपाठी, राजस्व अधिकारी अरूणीमा दुबे द्वारा रिबन काटकर रथ का स्वागत कर पूजन किया। छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित किया।

### डीपीएस दुर्ग के एनुअल डे में मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने बच्चों का बढ़ाया हौसला

# बच्चों ने दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

*डीपीएसपी दुर्ग के 18वें वार्षिकोत्सव समारोह बच्चों और पालकों के लिए संदेशपरक और यादगार रहा। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, हरियाणा सरकार के पूर्व वित्त व राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रेरक उद्बोधन से पैरेंट्स और बच्चों में अभूतपूर्व ऊर्जा का संचार हुआ। डीपीएस दुर्ग के 18वें वार्षिकोत्सव समारोह में अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया। समारोह के पूर्व डीपीएस दुर्ग प्रांगण में प्रदर्शनी का भी अतिथियों ने अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की । इस अवसर पर स्कूल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने अपनी मनभावन प्रस्तुति से अतिथियों और पालकों को भावविभोर किया।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खचाखच भरे में आडिटोरियम में हर्ष और उल्लास का माहौल... मेधा और टैलेंट का अद्भुत संगम... सुमधर संगीत की धुन पर थिरकते कलावंत नौनिहाल और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खास मेहमानों की हौसलाआफजाई।

डीपीएस दुर्ग में बुधवार की शाम ऐसा ही खुशनुमा नजारा था। यादगार अवसर था स्कूल के 18 वें मेगा एनुअल डे का । डेहली पब्लिक स्कूल के आडिटोरियम में आयोजित वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी और हरियाणा के पूर्व आर्थिक एवं राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु थे। वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन तथा दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर मेंबर आफ डीपीएस दुर्ग और हरिभूमि रायपुर के प्रधान संपादक डां. हिमांशु द्विवेदी, मेंबर आफ डीपीएस एचएस बत्रा और डीपीएस के प्रिंसिपल यशपाल शर्मा समारोह में विशेष रुप से उपस्थित थे। गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि और मंचस्थ विशेष अतिथियों ने अपने प्रेरक उदबोधन में स्टूटेंड्स की प्रतिभाओं और इसे सामने लाने आयोजन की सराहना की। वहीं प्रतिभावान छात्र छात्राओं ने अपनी मनमोहक इंद्रधनुषी सांस्कृतिक प्रस्तुति से अतिथियों और पैरेंट्स को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री चौधरी और कैप्टन अभिमन्यु ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भरतनाट्यम शैली में स्वागत नृत्य और गणेश वंदना की मोहक प्रस्तुति दी। शिक्षिकाओं के मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत और परिचय के बाद प्राचार्य यशपाल शर्मा ने वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन पढ़ा। जब मंचस्थ अतिथियों ने होनहार विद्यर्थियों को पुरस्कार वितरित किए तो



फोटो : संजय पांडेय

बच्चों के साथ पालकों की खुशी का ठिकाना नहीं था। मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने अपने उदबोधन में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों से खूब मेहनत करने और पालकों को उन पर बेहतर परसेंट के लिए प्रतिस्पर्धात्मक दबाव न डालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान शिव के नंदी, पार्वती के शेर, गणेश के चूहा व कार्तिकेय के मोर वाहन सभी एक साथ बैठे हैं, जो हमारी संस्कृति के समानता और सहअस्तित्व के प्रतीक हैं। हमारी सनातन संस्कृति पूरे ब्रह्मांड के लिए अनमोल है, जो जियो और जीने दो का संदेश देती है। जहां पश्चिम का मांडल शोषण पर आधारित है वहीं भारत की सनातन संस्कृति समता और वसुधैव कुटुंकम की प्रतीक है। हमारे पीएम मोदी नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, जो दुनिया को लीड क रहा है। टैलेंट व प्रगति के नए नए माडल लाए जा रहे हैं, जिससे भारत विश्व शक्ति बनेगा। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों आप दसवीं बारहवी क्लास में पढ़ते हुए जीवन के उस मोड़ पर खड़े हो,जहां करियर की दिशा तय होगी। आप जिस जैसी मेधा व परिश्रम करेंगे, उसका परिणाम भी वैसा ही आएगा। उन्होंने पालकों से भी आह्वान किया का बच्चों को बेहतर परसेंट लाने की प्रतिस्पर्धा का दबाव न डालें बल्कि उनके अंदर का पोटेंशियल खुद बाहर आने दें। दिव्यांग बच्चों में भी अंदर की प्रतिभा होती है। गेवियस गेस्ट कैप्टन अभिमन्यु व विधायक रिकेश सेन व गजेंद्र यादव ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। समारोह में आभार प्रदर्शन हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया।

### वसुधैव कुटुंबकम का दिया मैसेज

वार्षिकोत्सव में प्रतिभाव छात्र छात्राओं ने अपनी कलात्मक मनभावन प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। आगाज वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर प्रस्तुत आकर्षक नृत्य नाटिका से हुई। प्रभावी अभिनय अदायगी और नृत्यकला से नन्हें कलाकारों ने विश्व के साथ भारत के संबंध और देश की विशिष्ट पहचान को प्रस्तुत किया। इसमें साहित्य, विज्ञान और अध्यात्म के विश्वपटल पर भारत के प्रभाव को दिखाया। इसके बाद स्टूटेंड्स ने संदेशपरक माइम के माध्यम से लापरवाही से मोबाईल के उपयोग से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने जीवंत दृश्य से तालियां बटोरीं। सुरीले संगीत की धुन पर रंगबिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने रेवलिंग एक्स्ट्रावेगेंजा फ्यूजन लोक नृत्य को नयनाभिराम प्रस्तुति में विभिन्न देशों के उत्सवों की झांकी प्रस्तुत की। इसके बाद लाइव बैंड आर्केस्ट्रा की आकर्षक प्रस्तुति में बच्चों ने इंडियन और वैस्टर्न के मोहक संगम से समां बांधा। कत्थक शैली का नृत्य तराना सभी को सुहाना लगा वहीं मनोरंजक पपेट शो में बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय समस्या के साथ समाधान का भी पैगाम दिया। बाद छात्र छात्राओं ने अंग्रेजी नाटक वंडरलैंड में दिखाया कि आधुनिक गैजेट से न सिर्फ मनुष्य बल्कि पशु ,पक्षी भी प्रभावित होने लगे हैं। यादगार सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंत वेस्टर्न डांस पावर आफ यूथ से हुआ, जिसमें पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव को दिखाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन संगीत विभाग की अध्यक्ष शर्मिष्ठा नंदी और सहयोगी प्राची गौतम,सुब्रतो वैद्य और कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक समुदाय ने किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षिका ... और आभार प्रदर्शन एक्टिविटी इंचार्ज जोहरा अली ने किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और पालकों सहित स्कूल कमेटी के लोग उपस्थित थे।

## बीएसपी कर्मी से आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन रुपए बनाने का झांसा देकर बीएसपी कर्मी को ठगी का शिकार बनाया है। शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ भिलाई नगर पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। रुआबांधा निवासी पुरंजन साहू बीएसपी कर्मी है। कर्मी के व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से चैटिंग के द्वारा ऑनलाइन पैसे बनाने के नाम ठगी किया गया। पीड़ित के चार बैंक खातों से कुल 2 लाख 38 हजार 600 रुपए का ठगी किया गया। पीड़ित को वाट्सएप्प के माध्यम से पहले मैसेज किया गया। उसके बाद अज्ञात मोबाइल धारक ने ऑनलाइन पैसे बनाने का झांसा दिया। अज्ञात ने जैसे -जैसे स्टेप बताते गया पीड़ित उसी तरह फालो करता गया और खातों से रुपए गायब हो गए। लाइक, फालों करने का स्क्रीन शार्ट भेजने मभी कहा गया। यह एक स्टेप पूरा होने के बाद पीड़ित को रिवार्ड देने की बात कही थी। दो स्क्रीन शार्ट भेजने के बाद व्हाट्स एप्प में एक लिंक भेजा गया। जिसे ओपन करने के बाद खातों से रुपए गायब हो गए। आरोपी ने कर्मी को कुल 21 स्टेप जिसमें 17 फेसबुक ऐड का लिंक और 4 वेलफेयर प्री पेड स्टेप के लिए खाते की डिटेल्स होता था।

■ ऑनलाइन रुपए बनाने का झांसा

### कमीशन का झांसा, करोड़ों की ठगी

**भिलाई।** सड़क निर्माण के नाम पर कमीशन देने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी के खिलाफ धारा 409, 420, 34 के तहत कार्रवाई किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्लोबल इनवायोरो इंफ्रास्ट्रेक्चर के प्रोपराइटर रवि गर्ग और सुमीत जैन ने पीडब्लूडी का सड़क निर्माण करने के नाम पर 2 करोड़ 96 लाख 71 हजार रुपए का ठगी किया है। दोनों पर आरोप है कि मेसर्स एनकेजेए इंफ्रा डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से पीडब्ल्यूडी का सड़क बनाने टेंडर मिला। कार्य में इनवेस्ट करने पर इंकम का 65 प्रतिशत राशि देने का झांसा दिया। मेसर्स एनकेजेए इंफ्रा डेवलपमेंट डायरेक्टर ने रुपए किस्तों में आरटीजीएस किया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद स्टॉम्प में करार हुआ था कि जो व्यक्ति टेंडर में रकम इनवेस्ट करेगा उसे इनकम में 65% रकम दिया जाएगा।

## बिल्डर व अभिनेता को धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बिल्डर और छालीवुड अभिनेता मनोज राजपूत ने उनकी जान को खतरा बताया है। मनोज ने कहा कि उन्हें आए दिन बदमाशों से धमकियां मिल रही हैं। इतना ही नहीं कुछ गुंडे उन्हें जान से मारने के लिए उनके बायपास दुर्ग पर स्थित ऑफिस एमआर लेआउट पहुंच गए। जब गार्डों ने गेट नहीं खोला, तो गुंडों ने उन्हें बुरी तरह से पीटा। मनोज राजपूत ने बताया कि वो छत्तीसगढ़ के एक छोटे से गांव में रहने वाला है और अपनी मेहनत से यहां तक पहुंचा है। शायद यही बात कुछ लोगों को रास नहीं आ रही। कुछ लोग इसी वजह से उन्हें जान से मारने की धमकी देकर डराना चाहते हैं। उक्त घटना का सारा रिकार्ड मनोज राजपूत के यहां लगे सीसीटीवी फुटेज में गुंडों का सारा हरकत दिखाई दे रहा है। मनोज के मुताबिक दो दिन पहले जब वो अपनी फिल्म के प्रमोशन पर निकले थे, तब 3-4 बाइक सवारों ने उन्हें रोका। पहले उन्होंने सोचा कि शायद वे लोग उन्हें फिल्म की बधाई देना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बल्कि युवकों ने उन्हें बीच सड़क पर जान से मारने की धमकी दी और चले गए। मनोज राजपुत की सीजी फिल्म गांव के जीरो शहर मा हीरो 9 फरवरी में रिलीज होने वाली है।

■ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए कार समेत बदमाश

### कार से पहुंचे थे बदमाश

मनोज राजपूत ने कहा कि धमकी के दिन ही रात में बड़ी एसयूवी कार से 4 लोग एमआर लेआउट पहुंच गए। उन्होंने गार्ड से गेट खोलने के लिए कहा गार्ड ने गेट नहीं खोला, तो उन बदमाशों ने उन्हें बुरी तरह मारकर घायल कर दिया। सीसीटीवी फुटेज देने के बाद भी पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। मनोज राजपूत ने आरोप लगाया कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसे लेकर वे मोहन नगर थाने पहुंचे और शिकायत भी की। मनोज ने आशंका जताते हुए बताया कि हमलावर बाहरी लोग हो सकते है। टोल प्लाजा के फुटेज खंगालने से मिल सकते हैं हमलावरों की जानकारी। हमलावर आधा दर्जन से अधिक हो सकते हैं। जिस तरह से मारपीट किया जा रहा था बाहरी होना प्रतीत हो रहा है।

### सीएसवीटीयू में लॉन्चपैड 1.0 की शुरूआत पर वक्ताओं ने कहा

# उद्यमिता के लिए विद्यार्थियों को बनाए सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) ने हाल ही में सीएसवीटीयू ग्रामीण प्रौद्योगिकी और उद्यमिता फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक गतिशील 3-दिवसीय कार्यक्रम, लॉन्चपैड 1.0 की शुरुआत के साथ राज्य में उद्यमिता की भावना को प्रज्वलित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएस ने की। एसईसीएल बीएसपी के सीएमडी मिश्रा ने नवाचार और उद्यम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की। शुरुआत डॉ. आरएन स्वागत भाषण से हुई। सीएसवीटीयू फोर्टे के निदेशक पटेल, जिन्होंने लॉन्चपैड 1.0 के एजेंडे की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम में एक ग्रैंड स्टार्टअप एक्सपो और एक आइडिया हंट कार्यक्रम के अलावा उद्घाटन समारोह, आइडियाथॉन, पावर सत्र, सहयोग कार्यक्रम और ग्रामीण उद्यमिता विकास सेल (आरईडीसी) बैठक जैसे अन्य आकर्षक सत्र शामिल थे। कुलपति डॉ. एमके वर्मा ने पीएस का स्वागत किया। मिश्रा ने उद्यमिता के लिए संसाधनों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सीएसवीटीयू द्वारा एक अभूतपूर्व पहल की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को विविध कौशल सेट से लैस करना है।

पीएस मिश्रा ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानन्द के मंत्र उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, के साथ ज्ञान का आह्वान किया। उद्यमिता की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने सामान्य गलतियों पर प्रकाश डाला। सफलता के लिए समस्या-समाधान कौशल के महत्व पर जोर दिया।

दर्शकों को न केवल सफल उद्यमी बल्कि अच्छे इंसान बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने निरंतर ज्ञान अद्यतन करने की वकालत की। नवप्रवर्तन और विकास के लिए उनकी प्रेरणादायक दृष्टि से उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. संजय अग्रवाल, यूटीडी के निदेशक डॉ. पीके घोष, संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्य, प्रोफेसर, यूटीडी के संकाय, सीएसवीटीयू फोर्टे के अधिकारी और कर्मचारी आदि मौजूद थे। सीएसवीटीयू फोर्टे के प्रबंधक डॉ. आशीष पटेल ने धन्याद ज्ञापित किया।

### ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** कार चालक ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 279, 337,304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि अहेरी थाना नंदिनी नगर निवासी मृतक शिव कुमार सरोज अपनी बाइक सीजी 07 बीजे 8627 से घुमने आया था। बाइक से धमधा से अपने घर अहेरी जा रहा था। तभी साई मंदिर बसनी चौक के पास कार ब्रेजा सीजी 07 बी वाय 5940 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। जिससे मौत हो गई।

### वार्डवासियों ने की गई सड़क निर्माण की मांग

**भिलाई।** वार्ड नं 17 कादंबरी नगर दुर्ग निवासियों ने नगर निगम महापौर को आवेदन देकर कृष्णा निवास महिमा हास्पिटल के पास सडक निर्माण करने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया कि सडक अत्यंत जर्जर है एवं बरसात में पानी भर जाता है। राहगीरों को परेशानी होती है, गंभीर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसलिए शीघ्र ही सडक का निर्माण किया जाए। उक्त जानकारी सुनील आहुजा ने दी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप

### मंदिर जीर्णोद्धार के लिए किया गया सर्वे

दुर्ग। सार्वजनिक श्री सिद्ध पीठ



हनुमान मंदिर स्ट्रीट नंबर 3 दीपक नगर दुर्ग के संपूर्ण नवीनीकरण हेतु आज पहला कदम बढ़ाया गया। आर्किटेक्ट श्री टावरी ने मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों के साथ मंदिर का सर्वे किया एवं भव्य मंदिर निर्माण हेतु नक्शा निर्धारण के कार्य की शुरुआत की।

### पेड़ कटाई के विरोध में प्रदर्शन कल

दुर्ग । विभिन्न संगठनों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नागरिकों ने हसदेव अरण्य में हुई पेड़ों की कटाई और प्रभावित आदिवासी समुदाय पर पुलिसिया दमन के विरोध में 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे झाड़राम देवांगन स्कूल के सामने गाँधी चौक में मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दुर्ग और भिलाई के नागरिकों से इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है। यह आयोजन पूर्णतः गैर राजनीतिक है जो भी संगठन, व्यक्ति पर्यावरण के प्रति प्रेम और संवेदना रखते है वे इस मुहिम का हिस्सा बन सकते है । हसदेव नदी, जंगल व पर्यावरण को बचाने आदिवासियों की आजीविका और संस्कृति को बचाने हेतु मानव श्रृंखला का हिस्सा बने ।

### 22 को निकाली जाएगी कलश यात्रा

दुर्ग। श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति व मातृभूमि सेवा समिति द्वारा अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दोपहर 12 से शाम 9 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसमें 22 जनवरी को 1008 भव्य कलश यात्रा पद्मनाभपुर पीसीसी ग्राउंड मां सतरूपा शीतला मंदिर से निकाली जाएगी। जो राम मंदिर कसारीडीह में पूजा अर्चना करते हुए महाराजा चौक पर समापन होगा। तत्पश्चात अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एलईडी लाइव प्रसारण दिखाया जायेगा। 3 बजे महाभंडारा शाम 6 बजे से आतिशबाजी, लेजर लाइट शो, एलईडी प्रसारण, भजन, 2100 दीप प्रज्वलित महाआरती किया जाएगा।

### कलेक्टर को दी जन्मदिन की बधाई

दुर्ग। नवनियुक्त कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर एवं दुष्यंत देवांगन ने उन्हें जन्म दिवस के लिए बधाई दी। उन्होंने 500 बेड और 1000 प्लस के ओपीडी मरीज के जिला चिकित्सालय के उन्नयन और पीड़ित मरीजों के लिए और निर्धारित सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

### आज से आमंत्रण कार्ड का वितरण

दुर्ग। श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रण कार्ड वितरण एवं कलश यात्रा का शुभारंभ 11 जनवरी को हनुमान मंदिर प्रांगण स्ट्रीट नंबर 3 में सुबह 9 से किया जाएगा।

### दुर्घटना में घायल को आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर ने दुर्घटना में घायल को 12 हजार 500 रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन भिलाई नगर तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव पति शेखर श्रीवास्तव की विगत 17 मई 2019 को टक्कर मारो और भाग जाओ मोटर दुर्घटना होने से उनके दांये पैर की टीबिया फिबुला की दोनो हड्डियां एवं पंजे की उंगली में फ्रेक्चर होने के कारण आपरेशन कर प्लेट लगाने की पुष्टि की गई।

### निधन

#### अनिल कुमार रस्तोगी

भिलाई। स्ट्रीट नंबर डी-31



हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई निवासी अनिल कुमार रस्तोगी (77 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। वे बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारी थे। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को सुबह 12 बजे रामनगर भिलाई मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास स्थल से निकाली जाएगी।

# जिले के 6 हजार राम भक्त 25 से जाएंगे अयोध्या, दुर्ग से चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

आगामी 22 जनवरी को आयोध्या में भगवान राम की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में जिले से छः हजार राम भक्तों को दर्शन कराए जाने का टारगेट रखा गया है। आगामी पच्चीस जनवरी से पच्चीस मार्च तक चयनित भक्तों को दर्शन कराया जाएगा। इसके लिए, दुर्ग से स्पेशल ट्रेन भक्तों के लिए रवाना की जाएगी। प्रदेश नेतृत्व से निर्देश मिलने के बाद संगठन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अविस्मरणीय और ऐतिहासिक क्षण के बाद अयोध्या दर्शन कब वृहद कार्यक्रम आगामी 25 जनवरी से 25 मार्च 2024 तक अयोध्या दर्शन होना है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में अयोध्या दर्शन समिति का गठन किया जा रहा है, जिसके अनुसरण में दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल की सहमति से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा दुर्ग जिला अयोध्या दर्शन समिति घोषित की गई है। जिसमें संयोजक सुरेन्द्र कौशिक, सदस्य राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, अमिता बंजारे, जयश्री राजपूत को बनाया गया है।

## अयोध्या दर्शन के लिए जिला स्तर पर बनी भाजपा की समिति

### नि:शुल्क होगा भोजन दर्शन के बाद वापसी

संगठन के नेताओं ने बताया कि, यात्रा के दौरान भोजन फ्री रहेगी। हांलाकि गुरूवार को प्रदेश में बैठक के बाद चयन के बिन्दु और अन्य विषयों पर चर्चा होगी। जिसके बाद यह तय होगा कि, आयोध्या से कितने भक्त कृतार्थ होगें। बताया गया कि, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर से अलग-अलग ट्रेने भक्तों के लिए चलाए जाएंगे।



### जिला और मंडलस्तर पर बनेगी कमेटी

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि, जिला



समिति के बाद मंडल स्तर पर भी समिति बनेगी। अयोध्या दर्शन हेतु प्रदेश स्तर पर बनी समिति के मार्गदर्शन में जिला समिति और मंडल समिति कार्य करेगी। हर लोकसभा क्षेत्र से 6000 लोग अयोध्या दर्शन हेतु भेजे जाएंगे, इसके संबंध में विस्तृत गाइडलाइन शीघ्र ही जारी की जाएगी।

## विडंबना : वर्ष 2021 से स्वीकृति, बारह माह की थी अवधि

# दो साल से स्वीकृति के बाद भी अधूरी समूह नल-जल योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

दुर्ग। जल जीवन मिशन के तहत जिले के ऐसे गांव जहां जलस्तर बेहद कमजोर है। ऐसे करीब 257 गांव का चयन किया गया है। इन गांव में नदी के किनारे इंटकवेल बनाकर वहां से पेयजल की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए नौ योजना में 257 गांव को शामिल किया गया है। इस मिशन के तहत इसके लिए 331 करोड़ 96 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 से जिले में करीब 362 करोड़ रूपए की लागत से 385 गांव में जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जाना है। योजना के तहत 155843 घरेलू परिवार है, इसमें विगत वर्ष दिसंबर माह तक 130339 यानि 83 फीसदी परिवार को कनेक्शन दिया जा चुका है। इसके आलावा इस योजना के तहत सात समूह योजनाएं अलग से संचालित है। इसके लिए केन्द्र द्वारा 331 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हांलाकि इस मिशन की शुरूआत जिले में 2019 से शुरू हुई थी, जिसे वर्ष 2023 तक समाप्त किया जाना था। लेकिन ठेकेदारों ने पिछले चार साल से ठेका लेकर कौड़ीभर का काम नही किया गया है।

## ढाई सौ से अधिक गांव में नदी के जरिए पहुंचेगा पेयजल



### प्रोजेक्ट अब तक प्रगतिरत

जानकारी अनुसार चंदखुरी-कोलिहापुरी-पीसेगांव समूह जल प्रदाय योजना (31 ग्राम) दुर्ग, 2 जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव समूह जल प्रदाय योजना (17 ग्राम) दुर्ग, 3 निकुम समूह जल प्रदाय योजना (13 ग्राम) दुर्ग, 4 पथरिया समूह जल प्रदाय योजना (28 ग्राम) धमधा, 5 ओदरागहन-सुरपा समूह जल प्रदाय योजना (19 ग्राम) पाटन, 6 अमलेश्वर समूह जल प्रदाय योजना (17 ग्राम) पाटन, 7 कौही समूह जल प्रदाय योजना (14) ग्राम) पाटन, 8 अंजोरा (ढाबा) समूह जल प्रदाय योजना (50 ग्राम) दुर्ग, 9 मोतिमपुर समूह जल प्रदाय योजन (57 ग्राम) धमधा शामिल है। ये सभी काम वर्तमान में प्रगतिरत है।

### दो कलेक्टर बदल गए काम नहीं

मिशन की शुरूआत के बाद इसे चार हो गए है। इस बीच जिले में दो कलेक्टर बदल गए। तत्कालीन कलेक्टर डां सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और हाल में तबादला हुए पुष्पेन्द्र कुमार मीणा रहे। लेकिन दोनो के द्वारा कई चरण में बैठक ली गई। लेकिन धरातल पर काम नही हो पाए। इस प्रोजेक्ट को वर्ष 2023 में पूरी तरह पूर्ण कर लेना था। लेकिन मिशन के तय लागत में करीब पच्चीस करोड रूपए की एसओआर दर बढ गया है। जिसके चलते ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा राज्य शासन को भुगतान पड़ेगा।

# शहर के दर्जनभर से अधिक वार्डों में डामरीकरण की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



पन्द्रवे वित्त आयोग के तहत करीब 47 लाख रूपए की लागत से शहर के दर्जनभर से अधिक वार्डों में डामरीकरण कार्य किया जाएगा। बुधवार को महापौर ने डामरीकरण कार्य का निरिक्षण कर अफसरों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कार्य कराने के निर्देश दिए है।

- महापौर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल ने बुधवार को पटरीपार जवाहर नगर मेन रोड एवं वार्ड 18 में इंडस्ट्रियल रोड सड़क डामरीकरण ( चौड़ीकरण ) कार्य का अफसरों के साथ औचक निरीक्षण किया। सड़क डामरीकरण कार्य 15वें वित्त आयोग कार्य लागत रू. 47.61 लाख सैंतालीस लाख इकसठ हजार रूपये से किया जा रहा है। जिसका सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। क्षेत्र में सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य चल शुरू किया गया है। महापौर ने पटरीपार क्षेत्र का बीते दिनों सड़क का जायजा कर निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नही होगा।

### अफसरों को निरीक्षण के निर्देश

महापौर ने कहा कि, अधिकारी समय-समय पर सड़क की गुणवक्ता का निरीक्षण करते रहेंगे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को टूटी नाली मरमत कार्य के लिए निर्देशित किया ओर उन्होंने कहा जल्द जहाँ जहाँ निर्माण कार्य की स्वीकृति की गई है वहाँ भूमिपूजन कार्य करने की बात कही।

## राठी ने जेसीआई के 51वें अध्यक्ष पद की शपथ ली

दुर्ग। एक ऐतिहासिक क्षण में, जेसीआई दुर्ग भिलाई के 51वें शपथ ग्रहण और अवार्ड समारोह मे आयोजित भव्य आयोजन के बीच जेसी संतोष पद्मा राठी ने अपनी टीम के साथ अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। पूर्व अध्यक्ष जेसी सुरेंद्र मोनिका खेतान के सफल नेतृत्व तथा सचिव जेसी संतोष रानू कुमार और टीम गोल्ड के उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद सचिव के रूप में जेसी जी एसएम नोमिनी वामशी और उपाध्यक्ष के रूप में जेसी नितिन निशा अग्रवाल, जेसी हिमांशु कल्पना देवांगन, जेसी कमेंद्र नीतू त्यागी, जेसी आनंद रानी जैन, जेसी गौरव प्रकृति अग्रवाल और जेसी गौतम श्वेता देशलेहरा और कोषाध्यक्ष जेसी अतुल प्रीति जैन ने शपथ ली। मेंटर जेसी नितिन दीक्षा अग्रवाल ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष जेसी रजनीश मंजू जयसवाल ने समारोह का उत्कृष्ट संचालन किया, जबकि कार्यक्रम निर्देशक जेसी चंद्रेश प्रीति राठी थे।

# विश्वविद्यालय की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

दुर्ग विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा साईंस कॉलेज का परीक्षा पोर्टल पुन प्रारंभ किया जाए। विश्वविद्यालय के अंतर्गत समस्त महाविद्यालय के नियमित

- कालेज के परीक्षा पोर्टल शुरु करने की मांग



छात्र छात्राओं से परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी जमा ना करवाई जाए। परीक्षा फार्म में त्रुटि सुधार का शुल्क ना लिया जाए तथा त्रुटि महाविद्यालय द्वारा सुधारा जाए, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी ना हो। जिस पर कुलपति ने जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में तिरुपति चंद्राकर, मयंक देशमुख, साहिल टंडन, अर्जुन कुमार, धनेश कुमार, हिरेन कुमार, भूपेश सोनवानी तथा एनएसयूआई के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## श्रेष्ठ संकल्पों से सकारात्मक उर्जा की उत्पत्ति : सूर्य भाई

दुर्ग। ब्रह्माकुमारीज के पीस ऑफ माइंड चैनल द्वारा चलाए गए कार्यक्रम 'समाधान' द्वारा कलयुगी दुनिया में उलझे हुए, समस्याओं से घिरे हुए, लाखों मनुष्य आत्माओं को अध्यात्म का सत्य मार्ग दिखाकर समस्याओं से मुक्त कर उनका जीवन सुख-शांति से संपन्न बनाने वाले सूर्य भाई का एक दिवसीय प्रवास पर ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आगमन हुआ। जहाँ उन्होंने अपने विचार रखे। पुणे से पधारे हुए संदीप भाई ने सभी को श्रेष्ठ योग अनुभूति करायी। ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया व मंच संचालन ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने किया।

# अग्रवाल संगठन का अग्र अलंकरण समारोह की तैयारी अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेत राम अग्रवाल एवं महासचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि, प्रदेश पदाधिकारी एवं अग्रवाल सभा राजनांदगांव के रूथा नीय पदाधिकारी की महत्वपूर्ण बैठक अनंत पैलेस राजनांदगांव में संपन्न हुई। चेयरमैन अशोक अग्रवाल ने सभी समितियों के प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संगठन के संरक्षक महेंद्र सेक्सरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि, दिए जाने वाले 18 पुरस्कार हेतु लगभग ढाई सौ आवेदनप्राप्त हुए। जिसमें सर्वश्रेष्ठ का चयन कर 18 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के 13 व 14 जनवरी को होने वाले भव्य आयोजन को लेकर पूरे प्रदेश के अग्रवाल समाज में हर्ष व्याप्त है। प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, अशोक मोदी, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाईयां प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

- राजनांदगांव में आयोजित होगी इस साल का सम्मेलन



# विभागीय परीक्षा के लिए बीआईटी को बनाया गया परीक्षा केंद्र, परीक्षा 29 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिले में 29 जनवरी से 5 फरवरी तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने के कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जिसके लिए भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को परीक्षा केंद्र नामांकित किया गया है। दुर्ग संभाग के उपायुक्त रा ने भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग के प्राचार्य को पत्र जारी कर विभागीय परीक्षा संचालन हेतु उक्त अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 02 कक्ष आरक्षित करने तथा परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में संभागायुक्त कार्यालय को सुचित करने निर्देशित किया है।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया जौहर

दुर्ग। संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ विगत मंगलवार को तिलक संकुल द्वारा किया गया। संकुल के तहत आने वाले सात प्राथमिक शाला एवम पांच पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चो ने भाग लिया। प्रतियोगिता बैगापारा मिनी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से 250 बच्चो ने खेलकूद में भाग लिया। प्रतियोगिता का आरम्भ के दौरान मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य आसिमा चटर्जी उपस्थित रही। संकुल के कुल 45 शिक्षको ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया। जिसमें मुख्य रूप से रघुनाथ राव प्रधान पाठक तिलक,



किशोर अग्रवाल प्रधान पाठक तिलक कन्या, कमल वैष्णव संकुल समन्वयक तिलक, सोनाली जोशी, गीतांजलि चंद्राकर, दीपिका सोनी, चुने राम साहू, राहुल झा, नूतन साहू, भूषण यादव, रमाकांत देशमुख आदि शिक्षकों ने प्रथम दिवस की प्रतियोगिता संपन्न कराए।

# गणपति विहार फेस-4 में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

सबोरसी स्थित गणपति विहार कॉलोनी के नवीन फेज-4 में निवासी परिषद



के तत्वाधान में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समिति के संयोजक निश्चय साहू ने बताया कि गणपति विहार कॉलोनी के नवनिर्मित फेज-4 में निवासरत 60 परिवारों ने नववर्ष के अवसर पर सामाजिक एवं सेवा कार्यों के उद्देश्यों से गठित परिषद के तत्वाधान में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रारंभ में गणेश वंदना के साथ रामभक्ति से प्रेरित नृत्य बच्चों ग्रुप की महिलाओं ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक प्रफुल्ल गुप्ता, डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, पीके अमृत, श्रीमती विशाखा गुप्ता को सम्मानित किया गया। फेज-4 के सभी निवासियों का पारिवारिक परिचय कराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राम आयेगा तो अंगना सजाऊंगी गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। प्रमोद अमृत, ललित उपाध्याय, अवनीष त्रिपाठी, टी. सुषील कुमार, विषाखा गुप्ता, के गीत ने समा बांधा। कराओके हरमोनी ऑर्केस्ट्रा ने कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन अवनिश त्रिपाठी एवं ललित उपाध्याय ने व आभार प्रदर्शन पी.आर. ठाकुर ने किया।

## पुलगांव नाला का गंदा पानी रोकने की पहल

# गंदा पानी जाने से रोकने बनेगा अतिरिक्त चैनल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

पुलगांव नाले के गंदे पानी को रोकने के लिए अतिरिक्त चैनल तैयार किया जाएगा। इस चैनल के जरिए नाले के गंदे पानी को नदी के किनारे से डायवर्ट किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में निगम के अधिकारियों ने मौका का निरिक्षण किया। विधायक ने इस प्रोजेक्ट को तत्काल लागू करने निर्देश दिए है।

- पुलगांव नाले के गंदे पानी को रोकने की पहल

विधायक गजेन्द्र यादव ने निरिक्षण के दौरान सात तालाबों को जोडकर सिंचाई किए जाने का भी सुझाव दिया है। उल्लेखनीय है कि, पुलगांव नाला का गंदा पानी लंबे समय से एनीकट में मिल रहा है। वही अब इस गंदे पानी को डायवर्ट करने एनीकट के नीचे छोड़ने अतिरिक्त चैनल बनाया जाएगा। श्री यादव ने जलसंसाधन विभाग के ईई, निगम आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके का मुआयना कर इसके योजना तैयार की एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षो से निगम की गलती से संपवेल पुलगांव नाला में स्थापित हो गया है। जिसकी वजह से शहर की जनता को गंदा पानी पीने मजबूर होना पड़ता है। इसके मद्देनजर श्री यादव आज सुबह से मौके का अधिकारियों के संयुक्त टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया अधिकारियों ने संपवेल के पास बने एनीकट को नाकाफी बताया। उन्होंने पुलगांव नाला के पानी को संपवेल के पहले अतिरिक्त चैनल बनाकर एनीकट के नीचे छोड़ने निर्देश दिए।



### 5 सौ एकड़ में होगी सिंचाई

निरिक्षण के दौरान डोंगिया तालाब, टप्पा तालाब, बाबू तालाब, हत्यारा तालाब, भांगड़देव तालाब सहित सात तालाबों को आपस में जोड़कर इसके अतिरिक्त पानी को नहर नाली के माध्यम से बघेरा, कोटनी, मोहलाई की ओर डायवर्ट कर उक्त पानी से खेतों में फसलों की सिंचाई किए जाने का सुझाव विधायक द्वारा दिया गया है। इससे इन क्षेत्रों के लगभग 5 सौ एकड़ क्षेत्र की सिचाई होगी।

### तालाब का पानी रहेगा साफ

अफसरों ने सुझाव दिए है कि, तालाब में मिलने वाले गंदे पानी को डायवर्ट करने से यहां का पानी साफ होगा और शेष पानी से सिंचाई के लिए उपयोग किया जा सकाता है। बरसात में होने वाले जलभराव से भी इससे राहत मिलेगी। उक्त नहर के माध्यम से बरसात का पानी सीधे शिवनाथ नदी में चला जाएगा। इसी प्रकार टप्पा तालाब व भांगड़ देव तालाब को साफ करने में छोड़े जा रहे सिवरेज की पानी के लिए नहर नाली बनाने कार्य योजना बनाने प्रस्ताव तैयार होगा।

## 270 पदों के लिए 19 जनवरी को रोजगार मेला का आयोजन

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 19 जनवरी को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में नियोजक कैपस्टॉन सर्विस लिमिटेड में प्रोडक्शन एसोसिएट के लिए 100 व सिक्योरिटी गार्ड के लिए 100 पद रिक्त है। इसी प्रकार टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड में सीएस कस्टमर सर्विस एसोसिएट के लिए 70 पद रिक्त है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक स्नेह सम्मेलन 12 को

**अंजोरा।** ग्राम अंजोरा (ख) में गांधी विद्या मंदिर हाईस्कूल अंजोरा में 34वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को किया जा रहा है। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता युवराज साहू, सरपंच संगीता साहू, सनत देवांगन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, एवं जीतू देवांगन होंगे। स्कूली छात्र-छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी प्राचार्य सीपी निषाद ने दी।

### दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन 13 से

**अंडा।** शान्ति निकेतन युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी ओडारसकरी के तत्वाधान में दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 13 जनवरी से किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल सोनी जनपद सदस्य गुण्डरदेही, अध्यक्षता केशर निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी, विशेष अतिथि जे. आर. सिन्हा, चेतन यादव, एस. आर. सिवना समिति प्रबंधक सेवा. सह. ओड़ारसकरी, नरेन्द्र यादव, विजय यादव, मिलाप ठाकुर, कामता सिन्हा, विजय सिन्हा (चीचा), केमीन सिन्हा, रमा मरावी उपस्थित रहेगें।

### कुथरेल में मंडई मेला 16 को

**अंडा।** दुर्गग्रामीण विधानसभ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुथरेल में 16 जनवरी को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया हैं । इस अवसर पर रात्रिकालिन 10 बजे मोर संगी जहुरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालो का कार्यक्रम रखा गया है । इसकी जानकारी सरपंच राजश्री प्रदीप चन्द्राकर, उपसरपंच लोमश चद्राकर व प्रदीप चंद्राकर ने दी ।

## निधन

### डॉ. आनंद राम निहिचलानी

**भिलाई।** श्रीराम हाइट्स कैलाश नगर, भिलाई निवासी आदर्श सिन्ध ब्रादर मण्डल के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर मनोज आनंद के



पिता डॉक्टर आनंद राम निहिचलानी उम्र 82 वर्ष का निधन 10 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे ओमप्रकाश निहिचलानी के भाई, डॉ. मनोज आनंद, डॉ. राजेश आनंद के पिता एवं राजीव, संजीव, विनय के चाचा और विशाल आनंद, अमिताभ आनंद के दादा थे।

### जगह-जगह बह रही है भक्ति की अविरल धारा, भजनों में झूमे भक्त

# भागवत कथा को श्रद्धा से पढ़ने या सुनने से हृदय में वास करते हैं ईश्वरः आचार्य संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जो मनुष्य श्रद्धा से भागवत कथा को पढ़ते या सुनते है तो वे कथा का सेवन करते समय अपनी भक्ति से ईश्वर को अपने हृदय में अविचल रुप से स्थापित कर लेते है। ईश्वर का ज्ञान और उनमें भक्ति को प्राप्त करने के दो परम साधन कथा को सुनना व पढ़ना ही रह गया है। जिसके लिए मनुष्य कामना करें और यह दोनो साधन भागवत कथा से पूरी तरह मिल जाते है। प्रभु के प्रति अटूट भक्ति के संदर्भ में यह बातें आचार्य संदीप तिवारी ने भागवत सप्ताह के द्वितीय दिवस बताई।

सम्प्रति सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 3 से 6 बजे तक श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया गया है। बुधवार को आचार्य पं संदीप तिवारी द्वारा कथा के द्वितीय दिवस श्रृष्टी विस्तार, राजा परिक्षित जन्म, वाराह अवतार, कर्दम ऋषि का देहुति का विवाह व उनकी नो कन्याओं के साथ एक पुत्र कपिल अवतार के साथ वराह अवतार आदि प्रसंगों का विस्तार पूर्वक व्याख्या किया गया।

### भगवान को मांगना सिखाती हैं भागवत कथा





### भजनों में झूम उठे भक्त

कथा के दौरान सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। भागवत कथा सप्ताह में चित्रकूट से आए भजन कलाकारों दवरा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। कथा व भजनों को सुनने सैंकड़ों की संख्या में भक्त कथा पंडाल में प्रतिदिन पहुंच रहे है।

### बताया सृष्टि का विस्तार

कथावाचक ने कथा के दूसरे दिन मनुष्यों में दया भाव व उदारता के संदर्भ में कथा की व्याख्या करते हुए बताया कि भागवत रुपी ज्ञान की गंगा मनुष्य के लिए अत्यंत परोपकारी है। यह कथा ज्ञान भक्ति का विशाल समुद्र है। मनुष्यों में परस्पर प्रेम और प्राणिमात्र के प्रति दया का भाव स्थापित करने के लिए इससे बड़ा कोई साधन नही है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे प्रभु ने सृष्टि का विस्तार किया।

### सुदामा जैसा कोई गरीब व धनवान नहीं हैः संत निरंजन



अंडा। ग्राम मोहदींपाट बाबा धाम देवांगन परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय इतिहास, और परीक्षित मोक्ष की कथा पर संदेश देते हुए प्रवचनकर्ता संत निरंजन ने कहा कि सुदामा जैसा कोई गरीब नही और सुदामा से बड़ा धनवान कोई नही है। सुदामा के पास संतोष रूपी धन था जिसका कभी अंत नही हो सकता, तभी तो सुदामा जी भगवान के द्वार पर मांगने नही अपितु देने गए थे। हम जीव तो भगवान के द्वार केवल मांगने के लिए ही जाते है लेकिन धन्य है सुदामा के भाव को जो भगवान से मांगे नही बल्कि चार मुट्ठी चांवल का भोग लगा आये।

### आज होगी इनकी व्याख्या

भागवत सप्ताह के तीसरे दिन देवहूति संवाद, सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह, जड़ भरत कथा, ध्रुव चरित्र, अजामिल उपाख्यान, गजेन्द्र मोक्ष एवं वामन अवतार कथा के प्रसंगों का विस्तार से व्याख्या आचार्य संदीप तिवारी द्वारा किया जाएगा।

# बच्चों ने बनाएं बीजगणितीय सूत्र, वर्ग, घन का मॉडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जजंगिरी में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर पखवाड़ा के अवसर पर गणित विषय से सम्बन्धित रामानुजन गणित प्रदर्शनी एवं रामानुजन गणित मॉडल एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शाला के विद्यार्थियों द्वारा गणित के महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित विभिन्न तरह के बीजगणितीय सूत्र, वर्ग एवं घन के मॉडल, गणितीय सममिति, मैजिक स्क्वायर इत्यादि विषय पर विभिन्न गणितीय मॉडलो की प्रदर्शनी लगाई थी। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य मिनी गोपीनाथन द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से की गई। संस्कृत श्लोक वाचन के साथ सत्यम तिवारी कक्षा 8 एवं प्रीतिका तिवारी कक्षा 6 ने प्रस्तुत किया। इस दौरान शाला के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। मॉडल प्रतियोगिता में निर्णायक प्राचार्य व इंचार्ज अंजना रॉय ने अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार घोषित किए।

- सेजस जजंगिरी में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर पखवाड़ा का आयोजन।

### यह रहे विजेता

श्रीनिवास रामानुजन के चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को भी आकर्षक सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हिमांशु साहू कक्षा 8, रुचि साहू कक्षा 8, द्वितीय पुरस्कार पूर्वांश वर्मा कक्षा 7, प्रशांत साहू कक्षा 7, तृतीय पुरस्कार , सृष्टि मारकंडे कक्षा 7, अवनीश साहू कक्षा 6, सांत्वना पुरस्कार गौरव डागा कक्षा 8, वैभव विश्वकर्मा कक्षा 8, रूपेंद्र साहू कक्षा 8, प्रेम यादव कक्षा 6 एवं भव्य शर्मा कक्षा 6 को दिया गया। कक्षा 8वीं की यशिका वर्मा, मानसी सिंह ,हिना साहू, रुचि साहू, एवं रितिका चतुर्वेदी द्वारा बनाई गई गणितीय रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में विद्या यादव, श्रुति पांडे व शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# राजेंद्र बने छत्तीसगढ़ अमृत कलश विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ के महासचिव एवं दूरदर्शन प्रस्तोता व लोक कलाकार राजेन्द्र साहू छत्तीसगढ़ के अमृत कलश विजेता बने। पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भारत अमृत कलश कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें भारत के 28 राज्य एवं सात केंद्र शासित प्रदेशों के कलाकारों का अनूठा कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के राजेंद्र साहू को मुंबई के फिल्म सिटी में आडिशन पर छत्तीसगढ़ का अमृत कलश विजेता घोषित किया गया। जिसमें जानी मानी हस्तिया गायत्री अशोकान, देबोजित शाह, स्नेहा, पद्मश्री कैलाश खेर, पद्मश्री उषा उत्थुप, मालिनी अवस्थी, पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, नार्थ ईस्ट के बाबुन विशेष रूप से



उपस्थित थे। राजेन्द्र साहू को छत्तीसगढ़ का अमृत कलश विजेता होने पर पूरे छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। राजेन्द्र साहू के आज दोपहर 12 बजे मुंबई से दुर्ग आने पर छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों दवरा राजेंद्र की जगह-जगह स्वागत करने की तैयारियां की जा रही हैं।

# स्वयं सेवकों का होगा व्यक्तिव विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की संगठन व्यवस्था के अन्तर्गत संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, मर्रा (पाटन) के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बेलौदी के सरपंच

- कृषि महाविद्यालय मर्रा द्वारा बेलौदी में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

कविता वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ओ. पी. परगनिहा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती वंदना एवं एनएसएस लक्ष्य गीत से हुई। डॉ ओपी परगनिहा द्वारा स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उनके व्यक्तित्व विकास पर पड़ने वाले प्रभावों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक ग्रामीण परिवेश में रहकर उनके सादगीपूर्ण जीवन पद्धति से बहुत कुछ सीख सकते है साथ ही खेती के



उनके अनुभवों से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों व विशेष रूप से युवाओं को संकल्प विकसित भारत 2047 के विषय में जागरूक कर उन्हें अपने सुझाव देने प्रेरित किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए. कुरैशी एवं सह प्राध्यापक डॉ. नितिन कुमार तुर्रे ने स्वयं सेवकों को शिविर के शुभारंभ की बधाई देते हुए समाज एवं उनके जीवन में इसके महत्व को समझाया।

मुख्य अतिथि सरपंच कविता वर्मा द्वारा ग्राम बेलौदी को शिविर के लिए चुने जाने पर हर्ष व्यक्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर में होने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन योगाभ्यास, स्वच्छता अभियान, नुक्कड़ नाटक, देशी खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां, मेंहदी, रंगोली और चित्रकला संबंधी प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किये जाने कि बात कही गई।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय से डॉ. ओपी परगनिहा, सह प्राध्यापक डॉ. ए कुरैशी एवं डॉ. नितिन कुमार तुर्रे, एनएसएस प्रभारी डॉ सुशीला, सहायक प्राध्यापक डॉ रुथ, सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. प्रशांत, डॉ झरना, डॉ अनु एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी के साथ ही महाविद्यालय के प्रथम से लेकर चतुर्थ वर्ष के स्वयं सेवक एवं ग्राम बेलौदी के सरपंच कविता वर्मा, रामाधार वर्मा, अवध राम बघेल, ललित यदू एवं गांव के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशीला और डॉ. प्रशांत द्वारा किया गया।

### मनवा कुर्मी समाज का राज अधिवेशन रानीतराई में 14 को

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज का वार्षिक राज अधिवेशन 14 जनवरी को रानीतराई में स्व टेक सिंह धुन्धर व स्व मंगलसिंह टिकरिहा सभा स्थल में आयोजित की जाएगी। राज प्रधान ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 8 बजे से कलश यात्रा बाबा देवता से सभा स्थल तक, महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलन के साथ राजकीय गीत, जाती गौरव गीत, अतिथियों का स्वागत, भाषण, पाटन राज का प्रतिवेदन, छात्रवृत्ति वितरण व ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता चोवाराम वर्मा केंद्रीय अध्यक्ष मनमा कुर्मी समाज रायपुर, कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश वर्मा राज प्रधान कार्यवाहक पाटन, विशेष अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, विशेष अतिथि सीताराम वर्मा पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, जितेंद्र वर्मा अध्यक्ष जिला भाजपा, रमन सिंह टिकरिहा जनपद सदस्य, सरपंच निर्मल जैन, डोमेश्वरी वर्मा, कपिल कश्यप सहित समस्त राज प्रधान केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



## बिजनेस साइट

### रूंगटा आर-1 फार्मेसी कॉलेज ने जामुल में लगाया हेल्थ कैम्प

**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च (आर-1) ने मंगलवार को जामुल बस्ती में हेल्थ कैम्प लगाया। यह कैम्प प्रमुख रूप से बच्चों पर केंद्रीत रहा, जिसमें बच्चों की न्यूट्रिशियन वैल्यू जांची गई। इसमें आंगनबाड़ी सहित जामुल क्षेत्र के 258 बच्चों का परीक्षण किया गया। चाइल्ड स्पेशिलिस्ट डॉक्टर विकास वर्मा ने सभी बच्चों की जांच की। इसके बाद उन्हें कैलशियम, मल्टीविटामिन, प्रोटीन पाउडर जैसे सप्लीमेंट वितरित किए गए। मौसम में हो रहे बदलावों की वजह से खांसी, सर्दी, जुकाम जैसे लक्षण वाले बच्चों को दवाइयां भी बांटी गईं। इन दौरान कई बच्चों में कुपोषण की समस्या भी देखने मिली। इन बच्चों की माताओं को बच्चों की अच्छी सेहत के लिए घरों में बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को बेहतर रखने और हमेशा साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई। कुपोषण को दूर करने के लिए बच्चों को दिए जाने वाले मील के बारे में भी माताओं को बताया गया। रूंगटा फार्मेसी की तरफ से डॉ. मुकेश शर्मा ने इस कैम्प का समन्वय किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. एजाजुद्दीन भी कैम्प में पहुंचे और लोगों को बच्चों में बढ़ रहे कुपोषण के बारे में जानकारी दी। इस समस्या को दूर करने के तरीके भी बताए। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर आभा साहू ने इस कैम्प में भरपूर सहयोग किया।



### सीए इंटर में दुर्ग-भिलाई का सर्वाधिक परीक्षा परिणामः एबीएस फाउंडेशन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी कामर्स संस्था एबीएस फाउंडेशन में सीए इंटर का परीक्षा परिणाम आया जो पूरे भारत में प्रथम ग्रुप का 16.78 प्रतिशत, द्वितीय ग्रुप का 19.18 प्रतिशत और बोथ ग्रुप का 9.73 प्रतिशत रहा। जिसमे एबीएस संस्था से 42 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा पास कर सबको गौरवान्वित किया। जिनके नाम अमान अंसारी, शिवम देवांगन, क्षितिज सिंह, सलोनी जैन, भाविका साहू, यश सिन्हा, ईशा अग्रवाल, आदित्य दास महंत, सागनिक हलदर, युक्त बेडेकर, प्रणय मुखर्जी प्रमुख रूप से है। संस्था में अमान अंसारी ने बोथ ग्रुप परीक्षा पास किया है उसको 420 अंक प्राप्त हुए हैं जो भिलाई में सर्वाधिक है। इसी प्रकार यश सिन्हा ने सीए ग्रुप 2 में 249 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसको सभी विषय में इंक्जेमपशन 60 से ज्यादा अंक मिले हैं। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक राय ने बताया कि छात्रों के सफलता के पीछे बच्चो की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सपोर्ट, शिक्षको की कड़ी मेहनत, रेगुलर टेस्ट, रिवीजन तथा टेस्ट सीरीज है। सीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। संस्था में अनुभवी शिक्षको की एक सशक्त टीम है जो छात्रो को प्रशिक्षित कर उन्हें गाईडेंस प्रदान करती है जिनके नाम सीए भूषण चिपड़े, सीए अंकेश सिन्हा, सीए रजत अग्रवाल, सीए,सीएमए देवाशीष गोस्वामी, सीएस जमशेद खान, सीए आकाश जसवानी, सीए आयुषी रुशिया, पारस पटेल प्रमुख रूप से हैं। संस्था में सीए, सीएमए, सीएसईईटी, 11 वीं, 12 वीं की कक्षायें ली जाती है जिनके लिए नए सत्र के लिए कक्षायें प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी 141, न्यू सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग संस्था से ली जा सकती है।

### कामधेनु विवि दुर्ग में संगोष्ठी का आयोजन



**अंजोरा।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में सूचना के अधिकार अधिनियम पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त धन्वेन्द्र जायसवाल, विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. आर.के.सोनवणे, उपकुलसचिव डॉ.एम.के.गेंदले, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य, निदेशक अनुसंधान डॉ.जी.के. दत्ता, अधिष्ठाता डॉ.के.मुखर्जी, वित्त अधिकारी शशिकांत काले, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी सहित अन्यजन उपस्थित थे। प्रभारी कुलपति डॉ.एस.के.तिवारी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम नागरिकों को सशक्त बनाता है। मुख्य वक्ता पूर्व आई.ए.एस. चंद्रहास बेहार एवं डॉ.प्रदीप कुमार शुक्ला प्राध्यापक बताया कि जनसूचना अधिकार अधिनियम का उपयोग कर आम नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही उन्होंने जनसूचना अधिकारी के कर्तव्य, अधिकार, जवाबदारी तथा जनसूचना अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.श्रद्धा नेटी एवं क्रीडा अधिकारी बरतसिंह दीवान द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### रामोत्सव व दीपमहायज्ञ महोत्सव 22 को

**अंडा।** अयोध्या श्रीराम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर रामोत्सव एवं दीपमहायज्ञ महोत्सव का आयोजन ग्राम अण्डा में समस्त ग्रामवासियों दवरा गुड़ी चौक में 22 जनवरी को 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर ने बताया कि इस दौरान पूजा, हवन व महाआरती पं महेन्द्र पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक रामायण व 1 से 5 बजे तक महाप्रसादी व भंडारा वितरण, 6 बजे से दीपोत्सव व शोभायात्रा एवं 8 बजे से आतिशबाजी की जाएगी। इस अवसर पर आयोजनकर्ताओं ने ग्रामवासियों को उपस्थित रहने की अपील की है।

# निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग भिलाई ब्रांच के डॉक्टर्स द्वारा स्माइल फाऊंडेशन के तत्वावधान में एमजीएम स्कूल, शांति नगर में निशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1200 बच्चों का दंत परीक्षण किया गया एवं उनको मुख रोग और उसके उपचार, बच्चों को स्वस्थ आहार, विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक संबंधी जानकारी दी गई। इस शिविर में एमजीएम स्कूल के संचालक फादर कुरियन जॉर्ज का विशेष सहयोग रहा।

आईडीए की अध्यक्ष डॉ मंजू यादव, कन्वेनर डेंटल हेल्थ डॉ सविता कबडवाल, डॉ दीप्ति राठौर, डॉ सायली कुरैशी, डॉ दिक्षाली इंदुरकर, डॉ हर्षिता पटेल, डॉ प्रियंका सचदेवा, डॉ सोनल जैन, डॉ रानु पिंचा द्वारा बच्चों के दांत का परीक्षण किया गया। स्माइल फाऊंडेशन की



संचालिका संतोष खंडूजा का विशेष योगदान रहा। शिविर में उपस्थित सभी डॉक्टर्स को सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### यूआरएम में मजदूर हुआ घायल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल के फिनिशिंग एरिया में ठेका श्रमिक बाबूलाल उम्र 37 खुर्सीपार का कार्य के दौरान घायल हो गया। श्रमिक रेल के कटिंग पीस को बाकेट में डलवाने का काम कर रहा था, इसी बीच अनियंत्रित होने से रोल टेबल में टकरा गया ।उसके पेट के ऊपर चोट आई एवं उसके पसली फैक्चर हो गया । उसे तत्काल सेक्टर 9 के आईसीयू में भर्ती कराया गया । स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के पदाधिकारी अध्यक्ष संजय साहू उपाध्यक्ष व सीपी वर्मा , दीनानाथ सिंह मनोहर लाल आर दिनेश ने सेक्टर 9 अस्पताल जाकर, उसके बेहतर इलाज के लिए, ठेका कंपनी एवं सेक्टर 9 के डॉक्टर एवं प्रबंधन से बेहतर से बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के विषय में चर्चा किया।

### सेल डे पर 5 किमी पैदल चाल दौड़ का आयोजन

**भिलाई।** सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 24 जनवरी 2024 को प्रातरू 8रू00 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चालध्दौड़ का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतियोगियों का पंजीकरण दिनांक 12 जनवरी से 22 जनवरी तक जयंती स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु, सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा तय मापदंड के आधार पर श्रेणियां निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में, कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं। भाग लेने के लिए सभी श्रेणियों के प्रतिभागियों को 24 जनवरी 2024 को प्रातरू 7रू00 बजे जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में दौड़ के लिए एकत्रित होना है।

### बीएसपी ने फिर किया रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष 2023–24 की तीन तिमाही, अप्रैल से दिसंबर की अवधि में उत्पादन के लगभग सभी क्षेत्रें में रिकार्ड प्रदर्शन दर्ज किया है। संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने अप्रैल से दिसंबर 2023 की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रति दिन 774 ओवन की पुशिंग दर दर्ज करते हुए वर्ष 2010–11 की इसी अवधि में दर्ज प्रतिदिन 768 ओवन पुशिंग दर को पार किया। इसके साथ ही अब तक का सर्वश्रेष्ठ ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक प्रोडक्षन 2.37 मिलियन टन दर्ज कर, वर्ष 2010–11 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2.35 मिलियन टन को पार किया। सिंटर प्लांट–3 ने अप्रैल से दिसंबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 4.35 मिलियन टन सिंटर उत्पादन दर्ज करते हुए वर्ष 2022–23 की इसी अवधि में दर्ज 3.91 मिलियन टन सिंटर उत्पादन को पीछे छोड़ा। संयंत्र ने वर्ष 2010–11 की अप्रैल से दिसंबर अवधि में दर्ज 4.27 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन की तुलना में 4.37 मिलियन टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ ह,ट मेटल उत्पादन दर्ज किया। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संयंत्र द्वारा कुल ह,ट मेटल उत्पादन में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीयन, आधार अपडेशन व आयुष्मान के लिए लगेगा शिविर

**12 जनवरी से 15 फरवरी तक शिविर में निगम के सभी वार्ड रहेंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के संपूर्ण 70 वार्डों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु लगभग एक माह तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। 12 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक चलने वाला शिविर जोन 1,2,3,4 एवं 5 के प्रत्येक वार्ड के दो स्थान में एक साथ लगाया जाएगा जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा । शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन, आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निगम सभागार में आहूत बैठक में शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र संचालक एवं एनयूएलएम की महिला कार्यकर्ताओं को शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय में लगे कारीगर और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट के लिए 15 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान किया जाना है। पंजीकृत हितग्राही जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उन्हें प्रतिदिन 500 रूपए के प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। उन्होंने सामुदायिक संगठिका की महिलाओं को बताया कि इस योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, चर्मकार, खिलौना बनाने वाले, झाडू, टूकनी बनाने वाले, नाव बनाने, मछली का जाली बूनने वाले, धोबी, मूर्तिकार, लोहार सहित 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरो और शिल्पकारों के रूप में पंजीकृत हितग्राहियों का स्थल अवलोकन कर उनका सत्यापन किया जाना है। योजना में शामिल किए गए हितग्राहियों को डिजिटल लेन-देन लिए प्रोत्साहित भी किया जाना है।



**इन स्थानों पर लगेगा शिविर**

12 व 13 जनवरी को वार्ड-1 जुनवानी में दुर्गा मंच एवं सामुदायिक भवन बाजार चौक, वार्ड 14 शांति नगर में दशहरा मैदान गणेश मंच, चंद्र नगर हनुमान मंदिर, वार्ड 30 प्रगति नगर में स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी व प्रगति नगर केम्प 1, वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में शिवालय के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड 57 सेक्टर 4 पूर्व सड़क 6 दुर्गा मंच शेड। 15 एवं 16 जनवरी को वार्ड 2 स्मृति नगर राधाकृष्ण मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर में आंगनबाड़ी भवन एवं सियान सदन, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप व मयूर गार्डन, वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर मे शिवालय ग्राउण्ड, वार्ड 58 सेक्टर 4 पश्चिम में बीकेपी स्कूल ए मार्केट सेक्टर-4।

### कर्मिशियल हब बनाने की योजना ठंडे बस्ते में, निगम ने शिफ्ट किया न सर्वसुविधायुक्त बनाया

# एसएलआरएम सेंटर में लग रही है आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**वर्षों से बदइंतजामी, अराजक व जोखिम के बीच व्यवसायी व्यवसाय करने मजबूर**





आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला की की समस्या नगर निगम भिलाई और प्रशासन के लिए वर्षों से एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। मंडी के सिमटने से सब्जीव्यवसायियों सहित वाहन चालकों और मजदूरों का भारी गंदगी, बदइंतजामी और अराजकता के बीच के बीच काम करने के कारण स्वास्थ्य दांव पर लगा हुआ है और परेशानियों के साथ आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है । इसके बाद भी प्रशासन और जन प्रतिनिधि अकर्मण्य बने हुए हैं।

गौरतलब हो कि 1992 में तत्कालीन साडा प्रशासन द्वारा नेताजी सुभाष थोक सब्जी मार्केट को जब आकाशगंगा मंडी में स्थानतरित किया गया था, तब इसे सर्वसुविधायुक्त और विकसित सब्जी मंडी बनाने की योजना थी। लेकिन इस योजना पर अमल करने करना तो दूर इन बीते 30 वर्षों के दौरान आकाशगंगा सब्जी मंडी में व्यवसाय बढ़ने से यह जगह छोटी पड़ने के कारण समस्याओं का जखीरा बनकर रह गई है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव और भारी अस्वच्छ, अस्वास्थ्यकर और अराजक माहौल में व्यवसायी काम करने मजबूर हैं। पिछले दस साल से इस मंडी को थोक विक्रेताओं की मांग के अनुरुप विकसित किया जा रहा है और न अन्यत्र शिफ्ट ही किया जा रहा है। इससे उन्हें चौतरफा परेशानियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने बताया कि मंडी में ढाई सौ थोक सब्जी दुकानें, आफिस, गोदामों के साथ सैकड़ों हमाल, रेजा और लोकल बाड़ियों व देशभर से यहां आने जाने वाले मालवाहक वाहनों के साथ ड्रायवर व क्लीनर आदि काम करते हैं। लेकिन इतनी बड़ी मंडी में स्पेस छोटा पड़ने के साथ पानी, स्ट्रीट लाइट, सफाई, ट्रैफिक, सड़कें, नालियों, टायलेट आदि सुविधाएं बदहाल हैं और आज के हिसाब से नई सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जगह जगह सड़ी गली सब्जी व सीवरेज की दलदली वाली गंदगी जमा है और सड़कें गायब व जर्जर नालियों के जाम होने से भारी दुर्गंध व गंदगी है। बारिस में यह टापू बन जाती है। निगम ने परिसर में ही एसएलआर बना दिया है, जो नर्कलोग के नाम से चर्चित है। तीन बोरिंग में एक ही चालू है, विधायक निधि का बोरिंग सालभर से बंद है। अधिकतर स्ट्रीट लाइट खराब होने से अंधेरे से चोरी व दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। सब्जी को मवेशी से बचाने दुकानों में तार लगाने पड़ रहे हैं। सब्जी मंडी अध्यक्ष रवि सिंह व समाजवादी नेता त्रिलोक मिश्रा ने बताया कि जल्द ही कमिश्नर से मिलकर मंडी की तस्वीर बदलने की मांग की जाएगी।

**दुर्ग सब्जी मंडी की तरह विकसित करें**

सब्जी मंडी विक्रेता संघ आकाशगंगा सब्जी मंडी के अध्यक्ष रवि जान सिंह ने बताया कि सब्जी मंडी संघ द्वारा कई बार निगम अधिकारियों, मेयर, कलेक्टर से मंडी को प्रियदर्शिनी परिसर गौठान के पास स्थानांतण की मांग पर 22 में कलेक्टर मीणा ने खरीदी बिक्री, लोडिंग, अनलोडिंग की समस्याओं का अवलोकरन बाद 3 माह में शिफ्ट करने जोन कमिश्नर को 110 व्यवसायियों के साथ मीटिंग लेने कहा था। 23 के निगम बजट में प्रियदर्शनी परिसर में शिफ्ट करने घोषणा भी हुई व मेयर ने भिलाई को कर्मशियल हब बना प्रियदर्शनी परिसर में सर्वसुविधायुक्त मंडी बनाने मंडी बनाने पंजीकृत भूखंड व्यवसायियों व निगम अधिकारियों से सहमति की बात कही थी। लेकिन जब मंडी के पदाधिकारियों ने आमसभा में सदस्यों को निगम की इस राय से अवगत कराया तो पंजीक्रत भूखंड व व्यावसायिक परिसर खाली करने बाबत थोक एजेंट द्वारा सर्वसम्मति से अहमति जताई और मंडी स्थानांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की। रवि सिंह ने बताया कि व्यवसायियों की मांग है कि स्थानांतरण प्रक्रिया का सरलीकरण कर कृषि उपज मंडी व दुर्ग शहर थोक सब्जी मंडी की तरह विकसित किया जाए। इससे शहर का विकास व्यापार बढ़ने के साथ रोजगार भी बढ़ेगा।

**मुश्किल हुआ व्यवसाय**



थोक सब्जी विक्रेता प्रेम जायसवाल ने बताया कि सुपेला मंडी में वर्षों से भारी गंदगी और बदहाल सुविधाओं के बीच घंटों व्यवसाय कर स्वास्थ्य को दांव पर लगाने मजबूर हैं। यहां बदबू व असुरक्षित माहौल से धंधा करना मुश्किल हो रहा है । लाखों का टैक्स व वोट देने के बाद भी हमारी कोई सुनवाई नहीं है।

**असुरक्षा व गंदगी से परेशान**



थोक व्यवसायी अमित सिंह ने बताया कि कई बार मंडी में सर्व सुविधाएं देने या शिफ्ट करने की मांग करते थक गए लेकिन सभी माननीय गहरी नींद में सोए हुए हैं। यहां सड़क, पानी, लाइट आदि सभी सुविधाएं व लोडिंग अनलोडिंग की सुविधा भी नहीं है। जाम, आवारा मवेशी की समस्या को देख जल्द समाधान किया जाए।

**जाम व असुविधाओं से बढ़ी दिक्कतें**



थोक व्यवसायी सन्नी सिंह ने बताया कि मंडी छोटी पड़ने व सड़क नहीं होने से सुबह चारों ओर जाम से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई घायल हो चुके हैं। आपस में विवाद भी होते रहते हैं। निगम, जिला प्रशासन व मेयर से कई बार आज के अनुरुप सर्वसुविधायुक्त मंडी की मांग के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल्द जागरण हो ।

# पालिसी बॉड के नाम पर बिजली कर्मी से 20 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




बिजली कर्मी को फर्जी पालिसी बांड देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 409, 467, 468 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 3 गया नगर दुर्ग निवासी बिजली कर्मी विजय कुमार साहू ने एलआईसी में बीमा करने के नाम पर 20 लाख रुपए आदित्य नगर दुर्ग निवासी जीवन बीमा अभिकर्ता के. अन्जैयया को दिया था। पीड़ित को बीमा अभिकर्ता के. अन्जैयया के द्वारा एल.आई.सी. ट्रेन्ड योजना के बारे में बताया गया। जिसमें 5 प्रतिशत प्रतिमाह बोनस मिलने की योजना भी बताई। योजना पसंद आने पर बिजली कर्मी ने बीमा अभिकर्ता के अन्जैयया को अलग-अलग किस्तों में रुपए ट्रांसफर किए। जिसका प्रीमियम पेड सार्टिफिकेट 2019-20 11 लाख रूपये और दूसरा 9 लाख रूपये का बॉंड दिया। आरोपी के. अन्जैय्या ने दोनो पलिसी का बांड पेपर पीड़ित को दिया। जब बिजली कर्मी विजय साहू ने एलआईसी के मोबाईल एप में चेक कर व पदमनाभपुर दुर्ग स्थित आफिस में पता करने पर दोनो पलिसी नंबर गलत होना पाया गया। तब के. अन्जैय्या की सारी जानकारी का पता चल पाया। इसके अलावा के अन्जैयया बीमा अभिकर्ता भी नहीं है बल्कि शाखा में कार्यरत तक नहीं था। दिया गया दोनो पलिसी फर्जी था। कुछ राशि ममता ताम्रकार के यूको बैंक शाखा दुर्ग में जमा कराया था। जिसका संचालन के. अन्जैय्या के द्वारा किया जा रहा है। ममता ताम्रकार के साथ बैंक से जानकारी निकाली गई। तब पता चला कि रकम को के. अन्जैयया ने यू.पी.आई. ट्रांजेक्शन से अपने और परिवार के याकूब राज, के. कृष्णा राजू, के. हनुमंत राज के खाते में ट्रांसफर कर लिया था। परेशान होकर जब पीड़ित रुपए लौटाने के लिए आरोपी के यहां चक्कर काटने लगा तब उसे रुपए न देकर टालमटोल करता रहा। परेशान पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की।

### शराब के नशे में सरकारी कार्य में बाधा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में गाली गलौज विवाद करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा धारा 294,506,323,186 के तहत कार्रवाई की है। जामगांव आर पुलिस ने बताया कि ग्राम बटरेल थाना जामगांव-आर निवासी मुकेश कुमार विश्वकर्मा ग्राम पंचायत बेल्हारी में रोजगार सहायक के पद पर है। जनपद पंचायत पाटन व शासकीय निर्देश के तहत ग्राम पंचायत बेल्हारी के शासकीय विद्यालय प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया था। विभागीय कर्मचारी आधिकारी एवं क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। तभी शाम 4 बजे ग्राम बेल्हारी निवासी टोमन लाल महतो शराब के नशे में हाथ में लकडी का डंडा लेकर मंच में पहुचा। काऊंटर पर आकर अपनी पत्नि के नाम से प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन पेश किया। गांव के पंच-सरपंच और जनप्रतिनिधि आवास का पैसा खाने का आरोप लगाया। इस दौरान गाली-गलौच भी करने लगा। घटना में टेबल पर स्थित रजिस्टर फाईल व हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन बिखरने लगा। टोमन शासकीय कार्य में बाधा पहुचा रहा था।

# बीएसपी को संयुक्त यूनियन 12 को देगी हड़ताल का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर संयुक्त यूनियन द्वारा 29 और 30 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल के आह्वान को लेकर बुधवार को इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी को प्रबंधन को हड़ताल का नोटिस दिया जाएगा। इस दिन सुबह 8 से 9 बजे तक मुर्गा चौक में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण करने, 39 महीने लंबित एरियर्स और बोनस विसंगिति को दूर करने की मांग को लेकर प्रदर्शन बाद नोटिस दिया जाएगा। बैठक में इंटक के वीबी सिंह, शेखर शर्मा, एस रवि, सीटू के एसपी डे, विजय जांगड़े, एटक के विनोद कुमार सोनी, एचएमएस से प्रमोद मिश्रा व हरिराम यादव एक्टू के बृजेंद्र तिवारी व स्टील वर्कर्स यूनियन के संजय गुप्ता उपस्थित थे।

# सेल को सभी संयंत्रों के लिए मिला एबीएमएस प्रमाणन



**भिलाई।** सेल ने अपने सभी संयंत्रों और इकाइयों में रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) लागू करने वाली पहली सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न इकाई बन गई है। एबीएमएस एक प्रबंधन प्रणाली है, जिसे आईएसओ 37001रू2016 के अनुरूप डिजाइन किया गया है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, सेल सीवीओ एसएन गुप्ता, डां. आर के त्यागी, डीडीजीसी, बीआईएस, श्री आशीष त्रिपाठी, सीवीओ, बीआईएस और सेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सेल को आईएस/आईएसओ 37001रू2016 के अनुसार एबीएमएस प्रमाणपत्र प्रदान किया।

# बीएसपी के हिंदी दिवस पर हुआ काव्यपाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पोस्टर का किया गया विमोचन

सेल– भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) सभागार में आयोजित इस गरिमामय समारोह की मुख्य अतिथि के ईडी निशा सोनी थीं। आनलाइ सभी कार्यपालक निदेशक व सीजीए आदि अधिकारी जुड़े थे। मुख्यअतिथि ने कहा कि हिंदी में समस्त कार्य संपादित करें और हिंदी को वैश्विक स्तर पर सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित करने में अपना योगदान दें। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य तभी सार्थक होगा।संयोजक डीजीएम सौमिक डे ने स्वागत भाषण दिया।काव्य पाठ डीजीएम कौशल किशोर शर्मा, स्मिता जैन वयशवंत कुमार साहू की उपस्थिति में काव्यपाठ हुआ। पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

# एक चिट्ठी सियाराम के नाम का आयोजन 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ शोभा यात्रा निकाली जाएगी

धार्मिक भावनाओं को जोड़ने के लिए दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से बिल्डर मनोज राजपूत द्वारा अयोध्या के लिए एक चिठ्ठी सियाराम के नाम शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा 22 जनवरी को राम मंदिर के शुभारंभ के मौके पर चिठ्ठियां इकट्ठा करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। रैली 13 जनवरी को दुर्ग ग्रीन चौक से शाम 4 बजे शुरू होकर पुराने बस स्टैंड पहुचेगी इस दौरान शोभायात्रा में 10 वाहनों में एलईडी स्क्रीन प्रदर्शनी में लगा होगा। जिसमे भगवान राम के भक्तिगीत दिखाए जाएगें। वाहनों द्वारा छत्तीसगढ़ के हर कोने से पत्र इकट्ठा किया जाएगा। जो अयोध्या भेजा जाएगा। शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी राम भक्तों से निवेदन है एक चिठ्ठी लिखकर लाए। जिसमे आप अपने विचार, स्नेह, प्यार और प्रार्थना लिखे उसे राम राम पेटी पोस्ट बॉक्स में डाले जिसे सम्मान के साथ अयोध्या ले जाया जाएगा। भक्त मनोज राजपुत ने बताया कि सभी समाज के सहयोग से इस पहल को अद्भुत बनाने का आह्वान किया है।







